केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

शिक्षा केन्द्र, 2, सामुदायिक केन्द्र,
प्रीत विहार, दिल्ली - 110301

निविदा सूचना

बोर्ड की परीक्षाएं- 2017 के लिए विभिन्न पुरानी उत्तर-पुस्तिकाओं के मुख पृष्ठ के परिवर्तन हेतु उन प्रतिष्ठित उत्तर पुस्तिका मुद्रकों, अधिमानत: सुरक्षा मुद्रकों से जिन्होंने शिक्षा बोर्डों/ विश्वविद्यालयों/लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए समरूप प्रकृति की उत्तर पुस्तिकाएं मुद्रित की हों, दो बोली प्रणाली के तहत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।

सभी विनिर्देशन, निबंधन एवं शर्तों के साथ निविदा फार्म सिंडिकेट बैंक सीबीएसई, प्रीत विहार, दिल्ली-110092 से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **17.08.2016 से 06.09.2016** तक पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक 1000/- रूपये (अप्रतिदेय) के नगद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है अथवा सीबीएसई की वेबसाइट www.cbse.nic.in अथवा सीपीपी पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है, जिसके लिए 1000/- रूपये का बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, सीबीएसई, दिल्ली के पक्ष में देय हो निविदा प्रपत्र (तकनीकी बोली) के साथ संलग्न किया जाए अथवा कैशियर, सीबीएसई के पास नकद जमा किये जाएं और निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने से पूर्व इसके साथ नकद राशि जमा की रसीद की फोटोकॉपी संलग्न की जाए। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाएं रद्द कर दी जाएंगी।

विवरण के लिए आप सीबीएसई वेबसाइट www.cbse.nic.in पर अथवा सीपीपी पोर्टल पर लिंक "Tender" पर जाएं।

संयुक्त सचिव (प्रशासन एवं विधि)